भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 321
जिसका उत्तर दिनांक 22.07.2021 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य

321 श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अब तक चालू वर्ष के लिए निर्धारित किए गए अपने परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार के भावी लक्ष्य क्या हैं ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) जी, हां ।

(ख) वर्तमान वर्ष 2021-22 के लिए निर्धारित लक्ष्य 41821 मिलियन यूनिट है । अप्रैल से जून 2021 की अवधि के लिए लक्ष्य 10164 मिलियन यूनिट था जबकि वास्तविक विद्‍युत उत्पादन 11256 मिलियन यूनिट रहा ।

(ग) न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के साथ वार्षिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के भाग के रूप में नाभिकीय विद्‍युत उत्पादन का लक्ष्य वार्षिक आधार पर निर्धारित किया जाता है । भविष्य के लिए लक्ष्य वित्तीय वर्ष आरम्भ होने से पहले वार्षिक आधार पर निर्धारित किया जाएगा ।

* * * * *